राजस्थान सरकार

राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर

RSCERT उदयपुर

हवामहल

बच्चों का झरोखा

29 जून 2024 । शनिवार । वर्ष : 4 । अंक : 218

आज की कविता

टिप टिप बारिश

3 + वर्ष के बच्चों के लिए | **Infobells**

अभी चल रहा जून महिना। जून के बाद जुलाई। जुलाई के बाद आएगा अगस्त और फिर सितंबर। मौसम के कलेंडर में अब है बारिश का नंबर। चलो छतरी निकालो, चलो रेनकोट पहनों। मुनिया, गोलू और उसका पप्पी कहाँ जाएंगे बारिश में ? और क्या धूम मचाएंगे ? ये मजेदार कविता विडिओ देखने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

आज की कहानी

यह है हवा !

6 + वर्ष के बच्चों के लिए | **BookBox**

गीले बदन को कौन सुखा जाता है ? गरमागरम दूध को कौन ठंड कर जाता है ? पेड़ों की डालियों को कौन झुलाता है ? कौन है जो हौले से हमारे कान मे फुसफुसा कर चला जाता है ? क्या कोई है जो यह काम करता है ? अगर है तो फिर दिखता क्यूँ नहीं ? यह मजेदार कहानी विडिओ देखने के लिए चित्र पर क्लिक करें

आज की किताब

बत्तख

6 + वर्ष के बच्चों के लिए | **Room to Read**

यह कहानी राजस्थान की रहने वाली एक बालिका द्वारा की गई संकल्पना पर आधारित है, जो कि एक बत्तख के इर्द-गिर्द घूमती है। कहानी में बत्तख द्वारा अंडे देने, उनमें से बच्चों के निकलने और तालाब में तैरने का बहुत ही सहज विवरण है। इस मजेदार कहानी की किताब को पढ़ने के लिए चित्र पर क्लिक करें ।

आज की गतिविधि

प्यारा कमल

6 + वर्ष के बच्चों के लिए | **Arvindguptatoys**

गुलाब, लिली और ट्यूलिप के फूल बनाना तो हम सीख चुके हैं। अब हम आज एक नई विधि से कमल का सुंदर फूल बनाना सीखेंगे। इसके लिए आपको पाँच गुलाबी रंग के और पाँच पीले रंग के वर्गाकार कागज चाहिए होंगे। कागज और गोंद की मदद से प्यारे कमल के फूल को बनाने की विधि देखने के लिए चित्र पर क्लिक करें ।

टीचर्स कॉर्नर

पढ़ने के प्रारम्भिक कौशलों को सीखाना

शिक्षकों के लिए | **Learning Curve**

लेख पढ़ने के लिए आवश्यक कौशलों का विस्तृत विवरण देता है। इसमें औपचारिक पठन गतिविधियाँ और पढ़ने के लिए प्रारम्भिक पुस्तकों और कहानियों को चुनने की आवश्यकता और मानदण्ड भी प्रस्तुत किए गए हैं। पढ़ने की बैठकों से हासिल अनुभवों के आधार पर, लेखिका प्रारम्भिक पठन कौशल विकसित करने के बारे में भी सुझाव देती हैं।पढ़ने के लिए चित्र पर क्लिक करें

हमारा पुस्तकालय

किताबें पढना जरुरी है

शिक्षकों के लिए | **Parag**

आप पढना सीखाने के लिए कक्षा में बच्चों के साथ बहुत मेहनत कर रहे है, तमाम गतिविधियाँ करते है, खूब सारी सहायक शिक्षण सामग्री भी बनाई है और उसका इस्तेमाल भी करते है। लेकिन अगर आप बच्चों को पढने के लिए विविध किताबें नहीं देते है तो क्या होगा? किताबें पढना क्यों जरुरी है ? इसके बारे में पढने के लिए चित्र पर क्लिक कर पूरा ब्लॉग पढ़ें।

#सबपढ़े #सबबढ़े

साथियों, हवामहल का 218वां अंक आपके साथ साझा किया जा रहा है। आशा है इसके पाठको की अपेक्षाओं पर यह खरा उतरेगा। अगले सप्ताह प्रसारित होने वाले अंक के लिए आप सभी से निवेदन है कि अपनी रचनाएँ बायीं और दी गई सूझाव पेटिका के चित्र पर क्लिक कर भेजें। धन्यवाद।

आज का अंक आपको कैसा लगा ? आपके सुझावों से अवगत कराने के लिए नीचे दी गई सूझाव पेटी पर क्लिक करें।

आज की ऑडियो कहानी सुनने के लिए ऑडियो आइकन पर क्लिक करें।

हवामहल के सभी अंको को प्राप्त करने के लिए QR कोड SCAN करें।